<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 08.01.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने की नगर निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश।
2. झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान को दी गयी विदाई, कल नये मुख्य न्यायाधीश एम. एस. सोनक को राज्यपाल दिलायेंगे पद की शपथ।
3. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार की पेसा नियमावली का किया विरोध, कांग्रेस ने विपक्ष पर लगाया राजनीतिक साजिश करने का आरोप।
4. विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 कार्यक्रम कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में होगा आयोजित, हजारीबाग के चंदन कुमार करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व।

और

5. पूरा राज्य कड़ाके की ठंड और शीतलहर की चपेट में, उपायुक्त ने रांची जिले के सभी स्कूल 10 जनवरी तक बंद रखने के दिये आदेश।

***************

राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने आज झारखंड नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें गृह सचिव, डीजीपी और सभी जिलों के डीसी–एसपी शामिल हुए। आयोग ने गोड्डा, दुमका और सरायकेला–खरसावां द्वारा मतपेटिकाओं की रिपोर्ट न भेजने पर नाराजगी जताई और जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। बैठक के बाद राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि निकाय चुनाव की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी हैं।

***************

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान के सम्मान में आज फुल कोर्ट फेयरवेल आयोजित किया गया। विदाई समारोह में न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने उनके योगदान की सराहना की। न्यायमूर्ति एम. एस. सोनक को झारखंड उच्च न्यायालय का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वे कल सुबह साढ़े नौ बजे मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें पद की शपथ दिलाएंगे।

***************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की पेसा नियमावली का विरोध किया है। रांची में आज एक प्रेस वार्ता आयोजित कर उन्होंने आरोप लगाया कि यह नियमावली 1996 के मूल कानून और संविधान के अनुरूप नहीं है। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी।

***************

कांग्रेस ने भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के पेसा नियमावली पर दिए बयान को राजनीतिक साजिश करार दिया है। पार्टी के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने कहा है कि यह नियमावली संविधान, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और व्यापक जन–परामर्श के बाद तैयार की गई है, जो आदिवासी स्वशासन को संवैधानिक मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने विपक्ष पर समाज में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

***************

डुमरी विधायक और जेएलकेएम प्रमुख जयराम महतो ने सांसद ढुल्लू महतो पर 40 हजार करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति रखने का गंभीर आरोप लगाया है। बोकारो न्यायालय में पेशी के बाद उन्होंने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अब राज्य सरकार इस मामले की जांच कर रही है।

***************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के बयान का हवाला देते हुए राज्य सरकार से भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम लगाने की मांग की है। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री श्री साव ने मीडिया से बातचीत में बालू, कोयला और पत्थर की चोरी को सरकारी संरक्षण मिलने का आरोप लगाया है।

श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार का खामियाजा सिर्फ आम जनता को ही नहीं बल्कि जनप्रतिनिधियों को भी भुगतना पड़ रहा है।

***************

विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 कार्यक्रम कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। इसमें हजारीबाग के चंदन कुमार झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। खेल और युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि इस कार्यक्रम में देश भर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे।

***************

हजारीबाग में पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी, रांची द्वारा पत्रकारों के लिए कल वार्तालाप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें विकसित भारत रोजगार आजीविका गारंटी मिशन 2025, नए श्रम संहिता और वंदे मातरम के 150 वर्ष पर चर्चा होगी। पीआईबी रांची के प्रमुख राजेश सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम में विशेषज्ञों और विधायकों का एक पैनल शामिल होगा।

***************

रामगढ़ में नालसा की नशे के प्रति जागरूकता और नशामुक्त भारत योजना– 2025 के तहत नशे को ना, जिंदगी को हां संदेश के साथ भव्य पदयात्रा निकाली गई। प्रधान जिला जज तौफीकुल हसन, डीडीसी और एसपी ने इस पदयात्रा का नेतृत्व किया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तौफीकुल हसन ने कहा कि इसका उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाना और पुनर्वास को बढ़ावा देना है।

***************

झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव की घोषणा हो चुकी है। 17 हजार से अधिक अधिवक्ता 12 मार्च को मतदान करेंगे। नामांकन 10 और 11 फरवरी को होगा। धनबाद के अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने बताया कि आरक्षण के कारण महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। इस बार लगभग 700 महिला उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रही हैं।

***************

धनबाद जिला परिषद ने राजस्व बढ़ाने के लिए बी.एस.एस. महिला कॉलेज, बीसीसीएल और रेल मंडल जैसे बड़े संस्थानों को जमीन खाली करने का लीगल नोटिस जारी किया है। जिला परिषद

अध्यक्ष शारदा सिंह ने बताया कि परिषद का लक्ष्य अपनी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराकर वहां कमर्शियल प्रोजेक्ट शुरू करना है।

***************

राजधानी रांची समेत पूरा राज्य शीतलहर की चपेट में है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने कल भी कड़ाके की ठंड जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के अनुसार बर्फीली हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा छाए रहने और दिन में कनकनी बनी रहने की संभावना है। इस बीच रांची जिला प्रशासन ने जिले के सभी सरकारी–गैर सरकारी स्कूलों को 10 जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिये हैं।

***************

वाराणसी में आयोजित एक समारोह में झारखंड वॉलीबॉल संघ ने भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के पूर्व महासचिव रामावतार सिंह जाखड़ को सम्मानित किया। संघ के संरक्षक शेखर बोस ने बताया कि जाखड़ के नेतृत्व के कारण ही झारखंड को 73वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है।

*******समाप्त*********